सराहनीय कार्यःमीरजापुर पुलिस

दिनांकः12.04.2024

थाना को0शहर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजन नारा व अभद्र टिप्पणी का वॉयरल वीडियो से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार—

ज्ञातव्य हो कि दिनांकः 11.04.2024 को थाना को0शहर क्षेत्रान्तर्गत टेड़ीनीम के पास का एक वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें एक युवक द्वारा देश विरोधी आपत्तिजनक नारा एवं मा0मुख्यमंत्री उ0प्र0 के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी की गयी । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर “अभिनन्दन” द्वारा उक्त वॉयरल वीडियो का त्वरित संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक को0शहर को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0शहर पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांकः 11.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा थाना को0शहर मय पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित अभियुक्त सद्दाम उर्फ गोलू पुत्र दिलीप निवासी बाग कुन्जल गिरी थाना को0शहर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-48/2024 धारा 153ए,153बी,505(2),504,506 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।